आशियाना जन कल्याण समिति :एक यात्रा

महामंत्री की कलम से

समिति की आवश्यकता

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कानपुर रोड योजना के अंतर्गत कॉलोनी विकसित करने की योजना के कालांतर में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-एन का विकास एवं प्लाट आवंटन कार्य मे. अंसल हाउसिंग & कंस्ट्रक्शन कम्पनी लि. को दिया गया.

निजी बिल्डर एवं विकासकर्ता, मे. अंसल हाउसिंग & कंस्ट्रक्शन कम्पनी लि., ने कॉलोनी के विकास कार्य किये बिना ही LDA से अपनी सिक्योरिटी राशि पाने में सफलता पाई अतः कॉलोनी की सडकों, नालियों, पार्कों आदि के कार्य अधूरे पड़े रहे और वर्षों तक हम नारकीय जीवन जीने को विवश रहे. मे. अंसल द्वारा प्लाटिंग व विकास में धांधली करने के कारण निवासियों को सामूहिक रूप से अपनी समस्याओं से निपटने की आवश्कता महसूस हुई.उक्त उद्देश्य से आशियाना जन कल्याण समिति सेक्टर-एन का गठन किया गया जिसे वैधानिक रूप देते हुए सोसाइटी अधिनियम के Regn. No. २५५ दिनांक २०-०३-१९९७ के अंतर्गत पंजीकृत कराया गया.

उपलब्धियां

वर्ष १९९७ से गठित समिति की विभिन्न कार्यसमितियों ने कॉलोनीवासियों के सहयोग से नागरिक समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से हल कराने में अधिकांशतः सफलता पाई यथा

- सेक्टर-एन की सम्पूर्ण सड़कों का निर्माण एवं नालियों का अधिकांश कार्य,
- PNG लाइन द्वारा मात्र रु. ३००० में गैस कनेक्शन
- पानी की सुचारू व्यवस्था के लिए एक नयी बोरिंग व पुरानी बोरिंग का रिबोर
- स्थानीय निकाय वोटर लिस्ट में लगभग ८०० नए वोटर बनवाना

समिति अभी भी शासन के विभिन्न विभागों एवं मीडिया से निरंतर संपर्क कर शेष विकास कार्य एवं नगर निगम को कॉलोनी हस्तांतरण के कार्य हेतु संघर्षरत है. विकासकर्ता की अनियमितता के कारण ३० वर्ष पुरानी इस कॉलोनी को आज तक नगर निगम अपनाने को तैयार नहीं है जबकि २० वर्षों से सभी नागरिक ईमानदारी से 100 % कर नगर निगम को जमा करा रहे है.

समिति का वेवपोर्टल व whatsap ग्रुप

डायरेक्टरी प्रकाशन हेतु सम्पूर्ण सेक्टर-एन का डेटाबेस तैयार करने में सभी VOLUNTIERS द्वारा अथक प्रयास किये गये. आज डिजिटल युग के परिवेश में इस डाटाबेस को प्रयोग करते हुए समिति की सूचनाएँ सदस्यों को त्वरित रूप से देने के लिए जनकल्याण समिति सूचनापट नामक एक whatsap ग्रुप सञ्चालन में है. इसके अतिरिक्त समिति को पारदर्शी व सर्वोपयोगी बनाने हेतु एक बहुउपयोगी वेव पोर्टल www.ajks.org.in श्री संजीव विश्वकर्मा द्वारा बनाया जा रहा है जो निवासियों के लिए बहुउपयोगी सिद्ध होगा.

राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

समिति द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं संस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कॉलोनी में सामाजिक समरसता एवं सौहाद्र की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जाता रहा है. जहाँ गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम निवासियों व बच्चों में राष्ट्रीयता की ज्योति जलाते हैं वहीँ समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष होलिका दहन कार्यक्रम , सामूहिक होली रंगोत्सव आदि कार्यक्रम लोगों में सामूहिक सद्भावना का विकास करते हैं. वर्ष २०१८ से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी प्रारंभ किया गया जिसे कॉलोनी वासियों द्वारा अत्यधिक लोकप्रियता मिली. इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा लोक संगीत, बच्चों के संगीत नृत्य के कार्यक्रम, तम्बोला आदि ने आगंतुकों का भरपूर मनोरंजन किया. खाने के लिए विभिन्न प्रकार के फ़ूड स्टाल भी आकर्षण का केंद्र रहे.

डायरेक्टरी प्रकाशन

डायरेक्टरी प्रकाशन हेतु सम्पूर्ण सेक्टर-एन का डेटाबेस तैयार करने में सभी VOLUNTIERS द्वारा अथक प्रयास किये गये. डायरेक्टरी के मुद्रण व्ययपूर्ति हेतु इच्छुक व्यक्तियों / प्रतिष्ठानों ने विज्ञापन द्वारा समिति की आर्थिक सहायता की है जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ.

डायरेक्टरी की प्रमुखतायें निम्न हैं.

- मकान संख्यावार सूची
- उपनाम (surname) के क्रम में सूची
- समिति के वर्तमान पदाधिकारियों की सूची
- महत्वपूर्ण संपर्क नंबर
- सेक्टर-एन आशियाना का मानचित्र

सदस्यता एवं अनुरक्षण शुल्क

समिति NO PROFIT-NO LOSS के सिद्धांत पर कार्य करती है अतः समिति के आवश्यक व्यय एवं सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन का व्यय वार्षिक अनुरक्षण शुल्क से किये जाते हैं. समिति की नियमावली के अनुरूप आय-व्यय का वार्षिक लेखा-जोखा आम सभा में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाता है.

वार्षिक अनुरक्षण शुल्क प्रत्येक परिवार द्वारा देय है ताकि समिति के कार्यकलापों को आसानी से चलाया जा सके.

वर्तमान आजीवन सदस्यता शुल्क (एक बार) : रु. 500/-

वर्तमान वार्षिक अनुरक्षण शुल्क (जनवरी / फरवरी प्रति वर्ष देय) : रु. 150/-

निवासियों को सन्देश

साथियो, आपके द्वारा चयनित समिति आपके लिए कार्यरत है. समिति की २२ वर्षों की यात्रा में पूर्व पदाधिकारियों द्वारा बहुत संघर्ष किये गए तब हमारी कॉलोनी आज इस स्वरुप तक पहुंची है. प्रारंभिक दौर में हम संख्या में बहुत कम होते हुए भी आसानी से लक्ष्य प्राप्त करते रहे .

आज जब कॉलोनी लगभग पूर्ण हो गयी है तब समिति को और सक्रिय बनाने हेतु हमारी अपेक्षा है कि कॉलोनी के उर्जावान नागरिक आगे आयें और कार्यसमिति को अपनी रूचि एवं संपर्कों के द्वारा और प्रभावी बनाने में सहयोग करें.

कॉलोनी के मानचित्र के अनुसार सेक्टर-एन में कुल ६२२ प्लाट / मकान हैं जबकि वर्तमान सदस्यता लगभग ३०० ही है. हमारा अनुरोध है कि सभी अधिकृत निवासी सदस्यता लेकर हमारे सहभागी बने.

डायरेक्टरी प्रकाशन के सहयोग हेतु सभी का आभार

कमलेश वर्मा